
# ₹36 हजार करोड़ के निवेश से 2 लाख पाएंगे रोजगार

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा है कि यूपी इन्वेस्टर्स समिट-2018 में आए 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में 2 लाख करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव जमीन पर उतर गए हैं। 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा कर्मशल उत्पादन वाली परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिससे 1.27 लाख लोगों के लिए रोजगार के मौके खुले हैं। वहीं, करीब 36 हजार करोड़ रुपये की 122 परियोजनाएं अमल की ओर हैं, जिनसे 2.05 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।



महाना ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में विभाग की उपलब्धियों की ब्योरा रखा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में 1,480 भूखंड निवेश परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। इनसे 2.20 लाख लोगों के रोजगार की राह खुलेगी। सरकार केंद्रीय बजट में घोषित 7 मेगा टेक्सटाइल पार्क में दो पार्क कानपुर और गोरखपुर में खोलने का प्रस्ताव आगे बढ़ा रही है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के किनारे 22 हजार एकड़ जमीन चिह्नित कर इंटिग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप आदि विकसित की जाएंगी। कोविड काल में भी प्रदेश में 8,500 करोड़ रुपये के निवेश वाली 7 परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

**औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि ₹2 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश जमीन पर**